नवोदय (Navodaya)

दिनाँक (Dated): 12.01.2024	पृष्ठ सं० (Page No). 09	क्रम सं०(Serial No.) 4

राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान को सुरक्षा देंगे सीआईएसएफ के जवान

■ सीआईएसएफ की ओर से सुरक्षा दिए जाने वाली संस्थानों की संख्या हुई 358

नई दिल्ली, 11 जनवरी (नवोदय टाइम्स) : भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के अंतर्गत राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान (एनआईवी), पुणे की सुरक्षा की जिम्मेदारी अब केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) को सौंप दी गई है। इसके साथ ही अब सीआईएसएफ द्वारा सुरक्षा दी जाने वाली देश के सरकारी संस्थानों की संख्या बढकर 358 पहुंच गई है। इसे लेकर बुधवार को पुणे स्थित एनआईवी संस्थान में इंडक्शन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें डॉ. शीला गोडबोले, निदेशक प्रभारी, आईसीएमआर-एनआईवी, डॉ. लक्ष्मीनारायण, डीडीजी, आईसीएमआर, डॉ. प्रज्ञा यादव, वैज्ञानिक ग्रेड-एफ उपस्थित थे। इस अवसर पर सीआईएसएफ और आईसीएमआर-एनआईवी पुणे के अन्य अधिकारी और कर्मी भी मौजूद थे, जहां एनआईवी की ओर से प्रतीकात्मक चाबी प्रदान कर सीआईएसएफ को संस्थानी की सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई।सीआईएसएफ के सहायक इंस्पेक्टर जनरल सह जनसंपर्क अधिकारी अपूर्व पांडे ने बताया कि इस यूनिट का नेतृत्व इंस्पेक्टर रैंक का अधिकारी करेंगे। आईसीएमआर-एनआईवी, पुणे सरकार का सर्वोच्च अनुसंधान निकाय है और पशु और मानव संक्रमण और पर्यावरण की भूमिका पर अनुसंधान पर ध्यान केंद्रित करता है।

इसने सामने आकर कोविड-19 महामारी के खिलाफ लड़ाई का नेतृत्व किया और कोवैक्सिन भी विकसित किया।